
Rtn. Francesco Arezzo
RI President
2025-26


Rtn. Pragya Mehta
District Governor
RID 3056

Rotary R.I.D. - 3056 | gyaan


Rtn. Manoj Soni
President
9414183200


Rtn. Neeraj Agarwal
Secretary
9829037488


Rtn. Umesh Goyal
Treasurer
9829038216

# रोटरी क्लब कोटा संचार

Charter No. 15110, Date 20-02-1959 | Official News Letter of RCK | 2025-26/03

RCK Sunday Meeting - 3

## MORNING PAYAJAMA PARTY

GET READY TO TAP YOU FEET.........



Date and Day : 20 July, 2025, Sunday
Time : 8 to 9 AM
Followed by Breakfast

with
**Zin Komal Relwani**
Zumba Instructor

Music
Free Style Dancing
Aerobics and Zumba




**Project Director**
Rtn. Sushil Bulchandani


**Project Director**
Rtn. Amitabh Sharma

## लहरिया महोत्सव

*Teej Celebration of Rotary Club Kota Females*

दिनांक व दिन : 25 जुलाई, 2025, शुक्रवार
समय: दोपहर 3 से 6 बजे तक
स्थान : रोटरी क्लब परिसर

धमाकेदार हाउजी

**आकर्षण**
अर्ली बर्ड गेम्स :
दोपहर 3 बजे से 3.30 बजे तक
ड्रेस कोड :
लहरिया, लहंगा या साड़ी
तीज थाली सजाओ :
थाली घर से सजाके लानी है।

सदस्यों के लिए मेहंदी मांडने की व्यवस्था

अन्य बहुत सारे आकर्षण एवं पुरस्कार जीतने का मौका

सहयोगकर्ता
घूंघट Fashion
Ethnics Are Elegance
Lehanga Kurti Sarees
3, VALLABH NAGAR
SOPHIA SCHOOL ROAD, KOTA
111-112, NEW CLOTH MARKET, KOTA
8529990741, 8854805475

प्रोजेक्ट मेन्टर
रोटे. सीए चन्द्रकान्ता अशोक मेहता
पूर्व अध्यक्ष

प्रोजेक्ट चेयरपर्सन
पूजा मित्तल

अनिता सोनी
नम्रता अग्रवाल
श्वेता गोयल

कार्यक्रम निदेशक
सिम्मी गोयल, रचना ग्वालानी, लतीका गर्ग, नूपुर अग्रवाल, सुनिता जौली गोयल,
निक्की अग्रवाल, स्वाती मंगल, सुनिता गोयल, संगीता झवंर, निति जैन

We meet every sunday at 10:00 am at Rotary Binani Sabhagar, Shopping Center Kota-7 (Raj.)


Rtn. Subhash Khandelwal

RMBian Ashish Khandelwal
TMT Steel (JSW NEOSTEEL, SAIL, RATHI SARIYA)
DELHI STEELS

DS DELHI STEELS

HEAD OFFICE :
7-A-10, Mahaveer Nagar Extension, Teenbatti Circle, Kota (Raj.)
Mob : 8058055455 | Email : delhi_steel@yahoo.co.in

BRANCHES :
- Bundi Road, Kunhadi, Kota
- 80 Feet link Road, 96, Jai Hind Nagar, Borekheda, Kota


Rtn. Ashish Khandelwal



## हर हफ्ते खेलिए रोटरी फैमिली क्वीज-3

इस क्यूआर कोड को स्कैन कर क्वीज खेलें एवं जीतें प्रथम 1100 रू. व द्वितीय 500 रू. मूल्य के ईनाम

**अपने जवाब शनिवार सायं 5 बजे तक भेज देवें।**

**1. Which country hosted the 2024 Summer Olympics?**
A) Japan
B) France
C) Australia
D) United States

**Q.2. Who is the current Secretary-General of the United Nations (as of 2025)?**
A) António Guterres
B) Ban Ki-moon
C) Kofi Annan
D) Ursula von der Leyen


**3. Who is the current Prime Minister of the United Kingdom (as of July 2025)?**
A) Rishi Sunak
B) Boris Johnson
C) Keir Starmer
D) Liz Truss

**4. Who is the current President of the European Commission (as of 2025)?**
A) Ursula von der Leyen
B) Charles Michel
C) Christine Lagarde
D) Emmanuel Macron

**5. Who won the 2024 Formula 1 World Drivers' Championship?**
A) Max Verstappen
B) Lewis Hamilton
C) Charles Leclerc
D) Lando Norris

**Answers of Quiz - 2**
1. **B. Service above self**
2. **A. 1905**
3. **A. Paul Harris**
4. **B. Polio**
5. **C. Evanston, USA**

QUIZ POWERED BY



**अत: करण का आनन्द....... फलोशिप**



प्रथम जलाई से रोटरी क्लब कोटा के सत्र "2025-2026" का हर्षोल्लास एवं आनन्द के साथ शुभ आरम्भ हो गया है।

हमारे प्रिय अध्यक्ष रोटे. मनोज जी सोनी, सचिव रोटे. नीरज जी अग्रवाल, कोषाध्यक्ष रोटे. उमेश जी गोयल के कुशलतम् नेतृत्व से रोटरी क्लब कोटा नव गरिमामय उच्चतम शिखर पर पंहुचेगा। इन्हीं सद्भावनाओं के साथ सभी माननीय सदस्यों को रोटरी सत्र 2025-26 की हार्दिक शुभकामनाएं।

हमारे अध्यक्ष मनोज जी सोनी व्यवसायिक क्षेत्र में कुन्दन के नाम से प्रसिद्ध है, कुन्दन आभूषण अपनी विशिष्टतम् कलात्मक शैली के कारण विश्व प्रसिद्ध है।

कुन्दन आभूषण अनुरूप भव्य आयोजन आयोजित करना एवं सुव्यवस्थित कार्यक्रम की सफलता सदस्यों की सहभागितामय उपस्थिति का प्रतिबिम्ब है। माननीय सदस्यों से अनुरोध है। कि अपने-अपने रचनात्मक चिन्तन एवं पुरूषार्थ से समय-समय पर संचालक मण्डल का मार्ग दर्शन करते रहे।

परिणाम प्राप्त होगा "**भव्य रोटरी सत्र 2025-26**"।

**रोटे. गोपाल जैन**
क्लब एडवाईजर 2025-26 एवं पूर्व अध्यक्ष
रोटरी क्लब कोटा

## रोटरी मीन्स बिजनेस ( RMB )-सेवा के साथ व्यवसाय

रोटरी मीन्स बिजनेस (RMB) एक वैश्विक रोटरी फेलोशिप है, जिसे रोटरी इंटरनेशनल द्वारा वर्ष 2013 में आधिकारिक मान्यता प्राप्त हुई। यह रोटरी का व्यवसायिक मंच है, जो रोटेरियन साथियों को एक-दूसरे का व्यावसायिक रूप से सहयोग करने, सीखने, मार्गदर्शन करने और रेफरल देने के लिए प्रोत्साहित करता है।

पहली RMB मीटिंग वर्ष 2007 में सैन फ्रांसिस्को (अमेरिका) में आयोजित हुई थी और पहला अंतर्राष्ट्रीय चेप्टर (अमेरिका से बाहर) 2008 में सिडनी, ऑस्ट्रेलिया में बना। वर्तमान में, RMB के 233 चेप्टर्स दुनिया भर के 35 देशों में सक्रिय हैं।

**भारत में Rotary Means Business (RMB)**

भारत में RMB की शुरुआत 2015 में कोयंबटूर चेप्टर से हुई थी। आज, भारत में 80 से अधिक सक्रिय RMB चेप्टर्स हैं, जो लगातार बढ़ रहे हैं। राजस्थान में जयपुर, कोटा और उदयपुर जैसे शहरों में RMB चेप्टर्स ने सक्रिय और प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज की है।

**रोटरी क्लब कोटा का RMB चेप्टर**

RMB कोटा चेप्टर की स्थापना 2023 में रोटेरियन CA प्रीतम कुमार गोस्वामी और रोटेरियन दीपक मेहता के नेतृत्व में हुई, जो वर्तमान में इस चेप्टर के फाउंडिंग डायरेक्टर्स हैं। आज, RMB कोटा में 55 सक्रिय रोटेरियन सदस्य हैं, जो एक-दूसरे के व्यवसाय को आगे बढ़ाने और एक मजबूत नेटवर्क बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

प्रमुख उपलब्धियाँ:
- 22 नए सदस्य "रोटरी क्लब कोटा" में शामिल कराए
- बीते 2 वर्षों में 85 करोड़ रुपए से अधिक का व्यवसाय आपसी सहयोग से किया गया
- हर महीने 2 व्यवस्थित मीटिंग्स आयोजित होती हैं, जिनमें हर सदस्य को अपने व्यवसाय को प्रस्तुत करने का अवसर मिलता है
- महिला उद्यमी दिवस, कोटा बिजनेस-डे, थीम आधारित मीटिंग्स जैसे कई विशेष आयोजन
- हर 3 महीने में एक बिजनेस ट्रेनिंग, ताकि सदस्य नवीनतम् बिजनेस ट्रेंड्स से अपडेट रहें

**RMB क्यों जॉइन करें?**

एक सक्रिय RMB चेप्टर, रोटरी सदस्यता में एक महत्वपूर्ण मूल्यवर्धन करता है। इससे सदस्य जुड़ाव बढ़ता है, नए सदस्य आते हैं और पेशेवर नेटवर्क को मजबूती मिलती है। RMB की सदस्यता के लिए पहले रोटेरियन होना आवश्यक है। यदि आप कोटा के रोटेरियन हैं और अपने व्यवसायिक नेटवर्क को बढ़ाना चाहते हैं, तो RMB कोटा आपके लिए सबसे उपयुक्त मंच है। सदस्यता हेतु रोटरी क्लब कोटा अथवा RMB कोटा की नेतृत्व टीम से सम्पर्क कर सकते है।

"रोटरी मीन्स बिजनेस-जहाँ सेवा मिलती है सफलता से"



उद्देश्य सेवा, भाव निर्मल ओर आह्वान दिल से हो तो सहयोग की कभी कमी हो ही नहीं सकती।

क्लब को दो शिक्षा सहयोग क्लब सदस्या रोटे. मोनिका नुवाल जी के पिताजी श्री जे.के. राठी , मुम्बई से प्राप्त हुआ। आपका इस सेवा प्रकल्प में सहयोग के लिए आत्मिक साधुवाद।

## My Rotary के बारे में जानिये

My Rotary रोटरी इंटरनेशनल द्वारा सदस्यों के लिए प्रदान किया गया एक व्यक्तिगत ऑनलाईन प्लेटफॉर्म है, जो रोटरी से जुड़े अनुभव को और बेहतर बनाता है। यह एक ऐसा वर्चुवल केंद्र है, जहाँ से सदस्य सभी जरूरी टूल्स, संसाधन और जानकारी तक पहुँच सकते हैं।

**My Rotary की प्रमुख विशेषताएं:**
- अपने क्लब की जानकारी प्राप्त करें।
- अपने रोटरी क्लब का विवरण देखें।
- अपनी सदस्य प्रोफाइल अपडेट करें।
- ताजा समाचार और घोषणाओं की जानकारी लें।

**नेटवर्किंग और सहयोग**
- स्थानीय और वैश्विक रोटरी सदस्यों से जुड़ें।
- सेवा परियोजनाओं में साझेदारी करें।

**शैक्षिक सामग्री और संसाधनों का अन्वेषण करें**

अलग-अलग क्लब भूमिकाओं के लिए प्रशिक्षण और गाइड्स प्राप्त करें रोटरी का एक्शन प्लान और मीडिया हाइलाईट्स पढ़ें।

**सदस्यता और क्लब प्रबंधन**

क्लब की इनवॉइस, फॉर्म और रिपोर्ट्स का प्रबंधन करें, सदस्यता से जुड़ी जानकारी अपडेट करें।

**वैश्विक पहलों से जुड़ाव**

कोविड-19 जैसी वैश्विक चुनौतियों पर रोटरी की प्रतिक्रिया जानें, ऑनलाईन क्लब मीटिंग्स में भाग लें और रोटरी के विजन को समझें

**ब्रांड सेंटर तक पहुँच**

नवीनतम लोगो, टेम्पलेट्स और प्रचार सामग्री डाउनलोड करें।

**My Rotary क्यों उपयोग करें?**

यह रोटरी के साथ सक्रिय जुड़ाव, प्रासंगिक जानकारी तक पहुंच और सेवा मिशन में योगदान का एक व्यक्तिगत और प्रभावी माध्यम है।

**My Rotary पर पंजीकरण करने के लाभ**

My Rotary पर पंजीकरण करने से आपको संसाधनों, शैक्षणिक सामग्री, और नेटवर्किंग के अवसरों तक पहुंच मिलती है, जो आपके रोटरी अनुभव को और भी समृद्ध बनाते हैं। यह आपको अन्य रोटरी सदस्यों से जुड़ने, अपने क्लब की जानकारी प्रबंधित करने, सेवा परियोजनाओं के लिए टूल्स उपयोग करने, और The Rotary Foundation में दिए गए अपने योगदान को ट्रैक करने की सुविधा प्रदान करता है।

**My Rotary पर पंजीकरण की चरण-दर-चरण प्रक्रिया:**

1. My Rotary वेबसाइट खोलें: अपने वेब ब्राउजर में जाएं और myrotary.org खोलें।
2. पंजीकरण शुरू करें: "Register" पर क्लिक करें और फिर "Create an Account" चुनें।
3. अपनी जानकारी भरें: अपना पहला नाम, अंतिम नाम, और वह ईमेल आईडी दर्ज करें जो रोटरी रिकॉर्ड में दर्ज है। सुनिश्चित करें कि यह जानकारी रोटरी की रिकॉर्ड से मेल खाती हो।
4. आयु की पुष्टि करें : यह सुनिश्चित करें कि आपकी आयु 18 वर्ष या उससे अधिक है।
5. फॉर्म सबमिट करें: "Continue" पर क्लिक करें।
6. अपना खाता सक्रिय करें : अपने ईमेल इनबॉक्स में रोटरी की ओर से आए संदेश को चेक करें और दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए खाता सक्रिय करें।
7. पासवर्ड सेट करें: यदि आपकी ईमेल ID रिकॉर्ड से मेल खाती है, तो आपको पासवर्ड सेट करने का विकल्प मिलेगा। यदि मेल नहीं खाती, तो आपको अपनी सदस्यता स्थिति की पुष्टि करनी पड़ सकती है।
8. साइन इन करें: खाता सक्रिय होने के बाद, आप My Rotary में लॉग इन कर सकते हैं।



रोटे. नेहा गुप्ता को डिस्ट्रिक्ट 3056 के आभार कार्यक्रम जो जयपुर में संपन्न हुआ में वर्ष 2024-25 के लिए डिस्ट्रिक्ट की सर्वश्रेष्ठ नये रोटेरियन सदस्य का पुरस्कार प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई एवं उनके किए गए कार्यों के लिए साधुवाद।







रोटे. लक्ष्मी नुवाल जी एवं रोटे सुरेश चंद जैन जी को रोटरी क्विज संख्या 2 में क्रमश प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई।



रोटे. तनुज तलरेजा जी को साप्ताहिक लक्की ड्रा सख्या 2 के विजेता बनने पर हार्दिक बधाई।


**SHUBH PLACEMENTS**

ISO 9001:2015 Certified

**OUR SERVICES**
Employee Recruitments | Manpower Planning
Staff Training | H.R. Department Outsourcing |
Project Management Services

**OUR ACHIEVEMENTS**
Placed 25000+ Candidates Pan India
Trusted By 500+ Companies Pan India
Giving Services Since 2006

+91 9252617000 | +91 8233417000 26, Mehta Compound, Aerodrome, Opposite To Ratlami Namkeen, Kota (Raj.)





## रक्तदान की अलख
## रोटरी क्लब कोटा ने ''रक्त जागृति अभियान'' का किया भव्य शुभारंभ

8 जुलाई 2025 को रोटरी क्लब कोटा ने मानवता की सेवा में एक नई पहल करते हुए 'रक्त जागृति अभियान' की शुरुआत रोटरी बिनानी सभागार से की। इस अभियान का उद्देश्य वर्ष भर कोटा शहर में अधिक से अधिक लोगों को रक्तदान जैसे पुण्य कार्य से जोड़ना है। कार्यक्रम की शुरुआत क्लब अध्यक्ष रोटे मनोज सोनी, सचिव रोटे नीरज अग्रवाल, रोटे संदीप चांदीवाला, पूर्व प्रांतपाल रोटे प्रदुम्न पाटनी एवं अन्य क्लब सदस्यों द्वारा रक्त वाहिनी को हरी झंडी दिखाकर की गई।

12 संस्थानों में जागरूकता फैलाकर सेवा का संकल्प अभियान की कमान ब्लड डोनेशन डायरेक्टर रोटे संजय जैन और चेयरमैन रोटे अमित ठाकुर ने संभाली। पहले चरण में टीम ने कोटा के 12 प्रतिष्ठित संस्थानों में जाकर रक्तदान के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु शिविर आयोजित किए। इन संस्थानों में शामिल थे:

- न्यायिक कर्मचारी संघ कार्यालय, कोर्ट परिसर
- मैगपाई स्कूल
- अन्नपूर्णा पब्लिक स्कूल
- बुल फिटनेस जिम
- ट्रिम इंजीनियरिंग सर्विसेज
- कॉन्ट्राइव इंस्ट्रुमेंटेशन प्रा. लि., भामाशाह मंडी
- ई-सरल
- प्रकाश स्पोर्ट्स
- स्पर्धा IAS अकेडमी
- पायस फूड इंडिया (कैलोरी)
- गोदावरी धाम

इन शिविरों के माध्यम से आमजन को रक्तदान हेतु प्रेरित किया गया।

**216 यूनिट रक्त संग्रह**

जीवन बचाने की दिशा में अहम योगदान सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक आयोजित इन रक्तदान शिविरों में 216 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। बड़ी संख्या में नागरिकों ने इस पुनीत कार्य में भाग लेकर मानवीय संवेदनाओं का परिचय दिया।

**स्मृति को समर्पित सहयोग**

इस अभियान में क्लब के वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष स्व. हरीश अग्रवाल चांदीवाला जी की पुण्य स्मृति में उनके सुपुत्र रोटे संदीप चांदीवाला का विशेष सहयोग रहा।

**प्रोजेक्ट टीम का सराहनीय योगदान**

इस अभियान को सफल बनाने में निम्न रोटरी सदस्यों का विशेष योगदान रहा: रोटे विनीत अग्रवाल, रोटे मुकेश चौधरी, रोटे अमन जैन, रोटे नितिन अग्रवाल, रोटे सुरेंद्र प्रकाश, रोटे सुशील बुलचंदानी, रोटे गीतेश कंजोलिया, रोटे युगल माहेश्वरी, रोटे मनोज जैन मालूजी, रोटे राजकुमार जैन, रोटे मनदीप सोहल, रोटे हिमांशु अरोड़ा, रोटे सुधीर तुलसियान, रोटे रामाराव बोम्मू, एवं रोटे डॉ. शेफाली शर्मा।

रोटरी क्लब कोटा का यह प्रयास न केवल रक्तदान के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने में सफल रहा, बल्कि समाज में सेवा भाव की भावना को भी सशक्त रूप से प्रस्तुत करता है।




यदि कोई भी सदस्य अपने जन्मदिवस, वैवाहिक वर्षगांठ, अपने किसी संस्था या प्रतिष्ठान का स्थापना दिवस, अपने किसी परिवार जन की पुण्य तिथि पर अपने आवास या कहीं भी रक्त जागृति अभियान का आयोजन करना चाहते है तो डायरेक्टर ब्लड डोनेशन रोटे संजय जैन (98290 38026) एवं चेयरमैन ब्लड डोनेशन रोटे अमित ठाकुर (91 94141 80600) सें कृपया संपर्क करें।

## रोटरी रविवार सभा लक्की ड्रॉ कूपन

**मिटिंग संख्या-3**

सदस्य नाम

______________________

______________________

प्रत्येक रविवार मिटिंग में इस कूपन को काटकर एवं भरकर लाये व लक्की ड्रॉ बॉक्स मे डालें।

लक्की ड्रॉ पुरस्कार प्राप्त करने हेतु सदस्य का मिटिंग में आना आवश्यक है

LUCKY DRAW POWERED BY

KUNDAN JEWELLERS
KUNDAN
MOTILAL MANOJKUMAR SARRAF
KOTRI ROAD, GUMANPURA, KOTA
Mobile 94133-90300
E-mail : kundanjewellerskota@gmail.com

## रोटरी फोरमेट भरो कॉन्टेस्ट

कूपन संख्या-3

सत्य है।

CONTEST POWERED BY


Rtn. Nitin Gupta

- EPABX
- CCTV Camera
- Biometric Machine
- Video Door Phone
- Sales & Service...

eSSL Godrej dahua REALTIME HIKVISION CP PLUS

24/7 Security Systems
Make your World, Safe & Secure...

E-4, Ballabhbari, Kota Call : 9887611966, 7357847966

## जन्मदिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

| | | |
|---|---|---|
| Rtn. Lokesh Prakash Mittal | 21 July | 9352606484 |
| Rtn. Rohit Changlani | 22 July | 8130136096 |
| Rtn. Gopal Das Sapra | 22 July | 9414187058 |
| Rtn. Deepak Mehta | 25 July | 9610611111 |
| Rtn. Laxman Nainani | 25 July | 9829035238 |
| Rtn. Shubham Patni | 25 July | 9001887667 |
| Rtn. Sunil Bafna | 26 July | 9414188388 |
| Rtn. Vaishali Bhargava | 27 July | 9829098268 |
| Rtn. Pritam K. Goswami | 27 July | 9352600623 |

Powered by:
**Rtn Avddesh Garg**
Mob. 9414266345

KONFIDENCE INVESTMENT

## वैवाहिक वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं

| | | |
|---|---|---|
| Rtn. Gaurav - Latika Garg | 31July | 9414176422 |

## वात्सल्य आभार

अपने जन्मदिवस एवं वैवाहिक वर्षगांठ पर क्लब को सहयोग प्रदान करने हेतु निम्न सदस्यों का आत्मिक साधुवाद

| | |
|---|---|
| रोटे. अरूण मालपानी | 2100 |
| रोटे. प्रीतम गोस्वामी | 2100 |
| रोटे. सुधीर तुल्स्यान | 2100 |
| रोटे. गोपाल मोहन शर्मा | 2100 |

प्रिय रोटरी सदस्यगण,

रोटरी क्लब कोटा के नवीन सत्र की शुरुआत हो चुकी है। क्लब की गतिविधियों और सेवा प्रकल्पों को सफलतापूर्वक संचालित करने हेतु आप सभी सदस्यों से 18000/-रुपए वार्षिक शुल्क का निवेदन है। आपसे अनुरोध है कि कृपया अपनी वार्षिक सदस्यता शुल्क शीघ्रातिशीघ्र जमा कराएं। बैंक में जमा कराने हेतु QR कोड संलग्न किया जा रहा है, कृपया स्कैन कर भुगतान करें या आप नेफ्ट/ऑनलाइन ट्रांसफर के माध्यम से भी शुल्क जमा कर सकते हैं

SCAN & PAY

बैंक विवरण (NEFT के लिए)
**Account Name: ROTARY CLUB KOTA**
**Bank: UCO BANK, Shopping Centre, Kota**
**Account Number: 05910100001094**
**IFSC Code: UCBA0000591**

आपका सहयोग रोटरी क्लब कोटा को नई ऊँचाइयों तक ले जाने में अत्यंत महत्वपूर्ण रहेगा।

सदैव आपके सहयोग हेतु तत्पर,
रोटे. उमेश गोयल (मो. 9829038216)
कोषाध्यक्ष, रोटरी क्लब कोटा


DR. NEERAL BARTHUNIA
BDS, MDS , FWFO(USA)
Consultant orthodontist &
Dentofascial orthopaedics
Exp- 19 years


DR. BHAVNA BARTHUNIA
BDS, MDS
Diploma In Dental Lasers-Vienna (Austria)
Consultant oral physician &
Maxilofascial radiologist
Exp- 19 years

BARTHUNIAS
ORTHODONTIC AND DENTAL LASER CLINIC

BENEFITS
- Less or No Pain
- No Bleeding
- No Post Operative Infection and Swelling
- Faster Healing
- No Sutures Required
- Less or No Anesthesia Required




Add:- 2B-16, Talwandi, Main Road, Kota (Raj.) 324005| Mob:- +91 9829200271




# रोटरी क्लब कोटा का पदस्थापना समारोह में अध्यक्ष मनोज सोनी ने वर्ष 2025-26 की टीम के साथ ली शपथ

दिंनाक 13 जुलाई 2025 को रोटरी क्लब कोटा का पदस्थापन समारोह सियाम ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ।
समारोह में मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर 1008 स्वामी श्री बालमुकुंदाचार्य जी महाराज, विधायक हवामहल जयपुर रहे। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि मनुष्य को अपने पूरे जीवन काल में 20 पेड़ों की शुद्ध ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है, हमें पर्यावरण के प्रति अपनी कटिबद्धता को दर्शाते हुए आपने पूरे जीवन काल में कम से कम 21 पौधे लगाने चाहिए ताकि जितना हमने ऋृण लिया है उससे अधिक वापस दे सकें।

समारोह की विशिष्ट अतिथि एवं इंडक्शन ऑफिसर रोटरी प्रांत 3056 की प्रांतपाल प्रज्ञा मेहता ने क्लब अध्यक्ष मनोज सोनी एवं सचिव नीरज अग्रवाल को पद व गोपनीयता की शपथ ग्रहण दिलवाई ।साथ ही 75 सदस्यी निदेशक मंडल कोभी कर्तव्यों एवं दायित्वों के निर्वहन की शपथ दिलवाई एवं प्रांत 3056 के कार्यक्रमों के बारे में बताया।

इस अवसर पर 25 नए सदस्यों को शपथ दिलाकर क्लब की सदस्यता प्रदान की गयी। उन्हें रोटरी पिन पहनाकर स्वागत किया गया। निवर्तमान अध्यक्ष मुकेश व्यास एवं निवर्तमान सचिव घनश्याम मूंदड़ा ने कॉलर पहनाकर पद हस्तांतरण की परम्परा निभाई। क्लब अध्यक्ष मनोज सोनी ने अपने सम्बोधन में क्लब के द्वारा वर्षपर्यंत होने वाले सेवा कार्यों के बारें में बताया।

समारोह के पूर्व सम्मोहन विधा पर आधारित शो ''सम्मोहन'' The Power of Subconsious Mind का आयोजित किया गया, जिसमे पुणे महाराष्ट्र से पधारे नवनाथ जी गायकवाड ने हिप्नोटिज्म की विधा का प्रयोग कर मस्तिष्क की शक्तियों के प्रयोगो एवं जागृत करने के टिप्स साँझा किये। उपस्थित सभी सदस्यों ने इस अविस्मरणीय और रोमांचकारी शो देखा।
मंच का संचालन रोटे मीता अग्रवाल एवं रोटे जयंत उपाध्याय ने किया।
मंच पर पूर्व अध्यक्ष एवं पूर्व प्रांतपाल रोटे सी एम बिरला साहब एवं पूर्व अध्यक्ष रोटे गोपाल सपरा साहब की प्रोजेक्ट मेंटर एवं पूर्व अध्यक्ष रोटे सुनील बाफना की क्लब लर्निंग फैसिलिटेटर के रूप में गरिमामयी उपस्थिति रही।
प्रोजेक्ट चेयरमैन अनीश - विनीता बिरला, प्रोजेक्ट डायरेक्टर रोटे मीता- रोटे संजीव अग्रवाल, रोटे राहुल - प्रज्ञा जैन, रोटे सिए मोहित - विभूति जैन, रोटे सिद्धार्थ - मीनाक्षी वशिष्ठ एवं रोटे नेहा गुप्ता को एक शानदार कार्यक्रम का सफल आयोजन करने पर हार्दिक साधुवाद।
शाम 5:45 से पूर्व आने वाले सदस्यों के लिए अर्ली बर्ड पुरस्कार जो की रोटे गीतेश कंजोलिया के संस्थान क्लब वेकेशन द्वारा प्रायोजित किया गया था के विजेता रोटे अमन जैन रहे।

कार्यक्रम में रोटे गैरव वैष्णव के संस्थान KGV Infra सहयोग किया गया।
सचिव रोटे नीरज अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।




## रोटरी क्लब के आगामी कार्यक्रम







रोटे. नीरज अग्रवाल (सचिव) रोटे. डॉ. नीरल बरथुनिया, रोटे. सीए देवेन्द्र कटारिया, रोटे. डॉ. शैफाली शर्मा